दिनांक 12.08.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

तीन तालाब से चर्चित बापू नगर तालाब बनेगा आकर्षण का केन्द्र, 13200 वर्गमीटर क्षेत्र में फैले तालाब के चारो तरफ निगम ने बिखेर दी हरियाली

भिलाई नगर। तीन तालाब के नाम से शहर में चर्चित बापू नगर तालाब न केवल खुर्सीपार क्षेत्र के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेंगा , बल्कि इस तालाब की हरियाली से क्षेत्र की आबोहवा में बदलाव देखने को मिलेगी। हरियाली के लिए 13200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैले इस तालाब के चारो तरफ पेड़-पौधे रोपे गए हैं। जिससे तालाब सुंदर व आकर्षक लग रही है। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों के सेहत और मनोरंजन को ध्यान में रखकर तालाब का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। अब तक तालाब सौंदर्यीकरण का लगभग 80 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। फिनिशिंग से संबंधित कार्य जैसे पेवर ब्लाॅक , चैनलिंक फैसिंग और पेटिंग्स शेष है। इन कार्यों को निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जोन- 4 के अधिकारियों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। जोन-4 की उप अभियंता प्रकृति जगताप ने बताया कि राज्य प्रवर्तित मद के अंतर्गत बापू नगर तालाब गहरीकरण और सौंदर्यीकरण प्रस्तावित है। दो पार्ट में तालाब का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। पहले पार्ट को नेहरू नगर भेलवा तालाब की तरह सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। घाट निर्माण, लाइटिंग, पाथवे बनाया गया है। दूसरे पार्ट को बच्चों के खेलकूद के लिए अलग से चिल्डन प्ले ग्राउंड बनाया गया है। जहां झूला , फिसल पट्टी, शी-सा लगाए जा रहे हैं। उछलकूद करने के लिए कारपेट ग्रीन ग्रास लगाया गया है। जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दो गजीबो बनाया गया है। लोगों के बैठने के लिए चारो तरफ 12 बेंच लगाने का काम चल रहा है। आकर्षण के लिए मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर तालाब के चारो तरफ के रिटेनिंग वाल की साज-सज्जा किया जा रहा है। बस्तर की कलाकृतियां दीवारों पर उकेरी जा रही है। पाथवे के किनारे मूर्तियां भी स्थापित की गई है।

3 करोड़ 33 लागत से संवर रहा तालाब

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव का कहना है कि निगम तालाबों को संरक्षित करने का कार्य कर रही है। जल संरक्षण और हरियाली को ध्यान में रखते हुए तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। राज्य परिवर्तित मद की राशि 3 करोड़ 33 लाख की लागत से विकसित हो रहे बापू नगर तालाब में बहुत कुछ खास होगा। यहां पर आने वाले लोगों को मरीन ड्राइव जैसा सुखद एहसास कराएगा।